दिन– बुधवार दिनांक– 24 / 09 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा – राज्य में एनडीए सरकार बनने के बाद से हर क्षेत्र का विकास हुआ। समाज के हर वर्ग का रखा गया ख्याल।

02. कांग्रेस कार्य समिति की बैठक आज पटना में हो रही है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी होंगी शामिल।

03. निर्वाचन आयोग पिछले चुनाव में पचास प्रतिशत से कम मतदान वाले बारह से अधिक विधानसभा क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर विशेष अभियान चलायेगा।

04. और, मौसम विभाग ने आज कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, गयाजी, सुपौल, अररिया और किशनगंज जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि राज्य में एनडीए की सरकार बनने के बाद से हर क्षेत्र का विकास हुआ है। मोतिहारी में एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुये श्री कुमार ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से राज्य में एक नई क्रांति आयी है।

–––बाईट–––

श्री कुमार ने कहा कि एनडीए सरकार ने समाज के हर वर्ग का ख्याल रखा है। मदरसों को सरकारी मान्यता दी गयी है।

–––बाईट–––

---

कांग्रेस कार्य समिति की बैठक आज पटना में पार्टी के प्रदेश मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित की जाएगी। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में पार्टी की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित सभी वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। पार्टी के बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरु ने बताया कि बैठक में बिहार विधानसभा चुनाव, आरक्षण की सीमा बढ़ाने सहित विभिन्न राष्ट्रीय–अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विमर्श किया जाएगा।

–––बाईट–––

हमारे संवाददाता ने बताया कि कांग्रेस कार्य समिति की बैठक अस्सी साल से अधिक समय के बाद पटना में हो रही है।

———रिपोर्ट———

आजादी के बाद बिहार में कांग्रेस कार्यसमिति की यह पहली बैठक है। पटना में कांग्रेस की केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक आजादी से पहले 1912, 1922 और 1940 में हो चुकी है। विधानसभा चुनाव को देखते हुए बिहार कांग्रेस के लिए इस बैठक को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। कार्यसमिति सदस्यों के अलावा बैठक में तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, सभी राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष और विधानमंडल दल के नेता शामिल होंगे। पार्टी के करीब 160 प्रतिनिधि बैठक में भाग लेंगे। धर्मेन्द्र कुमार राय आकाशवाणी समाचार पटना।

———————————————————————

निर्वाचन आयोग बिहार के बारह से अधिक विधानसभा क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर विशेष अभियान चलायेगा। इन क्षेत्रों में पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान पचास प्रतिशत से कम मतदान हुआ था। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने बताया कि इसके तहत मतदाता जागरूकता को लेकर स्वीप गतिविधियों के साथ ही विशेष अभियान चलाये जायेंगे। जिन क्षेत्रों में यह अभियान चलेगा उसमें पटना का कुम्हरार, बांकीपुर और दीघा विधानसभा क्षेत्र शामिल है। इसके अलावा जमालपुर, आरा, भागलपुर, बिहारशरीफ, मुंगेर, वारिसलीगंज, शाहपुर, अस्थावां और गया शहर में भी यह अभियान चलाया जायेगा।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज रोहतास और कैमूर जिले में एक हजार नौ सौ करोड़ रूपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

———————————————————————

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि दो वंदे भारत स्लीपर रेलगाडियां जल्द ही शुरू की जाएंगी। उन्होंने कल नई दिल्ली में मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि पहली ट्रेन ने सभी परीक्षण और ट्रायल रन पास कर लिए हैं। श्री वैष्णव ने बताया कि यह रेलगाड़ी एक हजार एक सौ अट्ठाईस यात्रियों को ले जा सकेगी और इसकी अधिकतम गति एक सौ अस्सी किलोमीटर प्रति घंटे की होगी। रेल मंत्री ने आगामी त्योहारों के दौरान पहली अक्टूबर से पन्द्रह नवंबर तक बारह हज़ार विशेष ट्रेनें चलाने की भी घोषणा की।

———————————————————————

अगली पीढ़ी के वस्तु और सेवा कर– जीएसटी सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर कम करके, ये सुधार नागरिकों को काफी राहत दे रहे हैं। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

---

बेगूसराय की एमपी एमएलए अदालत ने पुलिस पर हमला करने के एक मामले में पूर्व सांसद सूरजभान सिंह को एक साल कारावास की सजा सुनाई है। वहीं, इसी मामले में भाजपा नेता रामलखन सिंह और बीरेन्द्र ईश्वर को चार–चार साल की सजा सुनाई गयी। अदालत ने सजा सुनाये जाने के बाद सूरजभान सिंह को जमानत दे दी जबकि रामलखन सिंह और बीरेन्द्र ईश्वर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा और सुशासन मंत्र से प्रेरित सरकार परिवर्तन और प्रगति की दिशा में लगातार काम कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला सेवा पर्व में, हम आपके लिए ला रहे हैं कि मोदी सरकार कैसे भारत सेमीकंडक्टर मिशन के माध्यम से देश के भविष्य को आकार दे रही है।

———बाईट———

---

प्रदेश में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग ने आज कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, गयाजी, सुपौल, अररिया और किशनगंज जिले में एक–दो स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

———बाइट———

---

शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन आज माँ दुर्गा के चंद्रघंटा स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है।

———म्यूजिक———

मान्यता है कि माँ के इस स्वरूप की पूजा करने से समस्त पाप और बाधाएं दूर होती हैं तथा सौम्यता और निर्भयता में वृद्धि होती है। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि प्रदेश भर में सुबह से ही मंदिरों और शक्तिपीठों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है।

———म्यूजिक———

---

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने बेगूसराय के जिला सहकारिता प्रसार पदाधिकारी रंजीत शंकर प्रसाद को दस हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। वहीं, ब्यूरो की टीम ने नवादा जिले के नारदीगंज मुख्य बाजार से राजस्व कर्मचारी के मुंशी राकेश कुमार को उन्नीस हजार रूपये घूस लेते गिरफ्तार किया है।

---

आर्थिक अपराध इकाई की टीम ने समस्तीपुर, पूर्णिया और वाराणसी में छापेमारी कर दो सिम बॉक्स के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिम बॉक्स सेटअप से साईबर ठगी और डिजिटल अरेस्ट जैसी घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा था।

---

गयाजी के छकरबंधा थाना क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने सर्च ऑपरेशन चलाकर दो किलो का एक केन आईईडी, तीस राउंड एके सैंतालीस की गोलियां, कई बैटरी और कॉर्डेक्स वायर सहित कई आपत्तिजनक सामान बरामद किये हैं।

---

मुजफ्फरपुर की पॉक्सो अदालत ने एक नाबालिग से दुष्कर्म और उसकी हत्या के दोषी रोहित कुमार सहनी को जीवनपर्यंत कारावास की सजा सुनाई है।

---

औरंगाबाद जिले के बारूण थाना क्षेत्र अन्तर्गत एनएच उन्नीस पर एक अनियंत्रित वाहन की चपेट में आने से ऑटो रिक्शा सवार तीन महिलाओं की मौत हो गयी जबकि छह अन्य घायल हो गये।

---

सारण जिले के गरखा थाना क्षेत्र के फुर्सतपुर चंवर में नहाने के दौरान डूबने से एक ही परिवार के चार बच्चों की मौत हो गयी। वहीं, सुपौल जिले के त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र के बेलापट्टी स्थित बेंगाधार में एक नाव के पलट जाने से एक महिला की मौत हो गयी।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है–अगले पांच वर्षों में एक करोड़ नौकरी और रोजगार देंगे।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– कांग्रेस कार्य समिति की बैठक आज पटना में।

प्रभात खबर लिखता है– पटना मेट्रो का विस्तार। दो हजार पांच सौ छियासठ करोड़ से बनेगा जंक्शन से रूकनपुरा तक सुरंग और स्टेशन।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– कोलकाता में पांच घंटे में बारह इंच बारिश, सैंतालीस साल में पहली बार में सिटी ऑफ जॉय जलमग्न।

राष्ट्रीय सहारा ने सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले को प्रमुखता देते हुये लिखा है– अदालतें रिकवरी एजेंट नहीं।

आज अखबार की सुर्खी है– मलयालम फिल्म के सुपर स्टार मोहनलाल को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा – राज्य में एनडीए सरकार बनने के बाद से हर क्षेत्र का विकास हुआ। समाज के हर वर्ग का रखा गया ख्याल।

02. कांग्रेस कार्य समिति की बैठक आज पटना में हो रही है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी होंगी शामिल।

03. निर्वाचन आयोग पिछले चुनाव में पचास प्रतिशत से कम मतदान वाले बारह से अधिक विधानसभा क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर विशेष अभियान चलायेगा।

04. और, मौसम विभाग ने आज कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, गयाजी, सुपौल, अररिया और किशनगंज जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।